**दिनांकः 24.06.2025** **समय : 18.30 पीएम**

**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेनाओं ने मेड इन इंडिया हथियारों की मदद से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर किया।**
- **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्राक्कलन समितियों को लोकतंत्र का प्रहरी बताया।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–वंचितों के जीवन में बदलाव के बिना प्रगति अधूरी–प्रदेशभर में अंत्योदय संबल पखवाड़ा शुरू।**
- **प्रदेश में आज 28 जिलों में बारिश का अलर्ट–5 में भारी और 23 जिलों में मध्यम दर्जे की बरसात का अनुमान।**

..............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारायण गुरू और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद के शताब्दी समारोह में ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में दुनिया ने भारत का सामर्थ्य देखा है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को स्पष्ट कर दिया है। श्री मोदी ने कहा कि देश रक्षा के क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेनाओं ने मेड इन इंडिया हथियारों की मदद से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। नई दिल्ली में आयोजित शताब्दी समारोह में श्री मोदी ने कहा कि देश के रक्षा निर्णय अब राष्ट्रीय हित के मुद्दों को ध्यान में रखकर लिए जाते हैं।

..............

लोकसभा अध्यअक्ष ओम बिरला ने कहा है कि लोकतंत्र की आत्मा उसकी संस्थाओं की पारदर्शिता, जिम्मेदारी और सहभागिता में होती है। प्राक्कलन समितियाँ इसकी प्रहरी हैं। श्री बिरला मुंबई में आयोजित संसद तथा राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के संघ क्षेत्रों के विधान मंडलों की प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि संसदीय समितियां सरकार के खिलाफ काम नहीं करती बल्कि पूरक की भूमिका निभाती है। लोकसभा अध्यक्ष ने इस राष्ट्रीय सम्मेलन को वित्तीय अनुशासन और संस्थागत समन्वय के लिए महत्वपूर्ण बताया।

..............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक शासन की सहायता पहुंचाना ही अंत्योदय है। उन्होंने कहा कि जब तक अंतिम व्यक्ति तक वंचितों के जीवन में बदलाव नहीं आएगा, तब तक देश की प्रगति अधूरी मानी जाएगी। श्री शर्मा ने आज जयपुर जिले के बिचून से राज्य स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 जुलाई तक चलने वाले इस पखवाड़े के माध्यम जरूरतमंदों को सहायता दी जाएगी और वंचितों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया जाएगा।

................

प्रदेशभर में आज से शुरू हुए पखवाड़े के दौरान पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से सभी ग्राम पंचायतों में रोजाना शिविर लगाए जाएंगे। पखवाडे के शुभारंभ अवसर पर अजमेर, डीग

और बालोतरा सहित विभिन्न स्थानों पर लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड दिये गये। झुंझुनूं, भरतपुर, बारां और डूंगरपुर सहित कई जिलों की ग्राम पंचायतों में समस्या समाधान शिविर लगाए गये।

.............

परवन वृहद् सिंचाई परियोजना के तहत डूब क्षेत्र में आने वाले झालावाड़ और बारां जिलों के 27 गांवों के शेष मकानों के लिए मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए करीब 37 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि प्रभावित परिवारों को जल्दी ही मुआवजा राशि दी जाएगी। इनमें झालावाड़ की तहसील खानपुर और अकलेरा के 17 तथा बारां की तहसील छीपाबड़ौद के 10 गांव शामिल हैं। अब इनके 1 हजार 90 मकानों के लिए भी मुआवजा दिया जाएगा। परियोजना के तहत पहले से ही इन जिलों के 47 गांवों की डूब प्रभावित भूमि और 29 गांवों के आंशिक और पूरी तरह डूब प्रभावित मकानों के लिए अनुदान दिया जा रहा है। चारागाह, सिवायचक और वन भूमि पर बने मकानों को मुआवजा नहीं दिया जाएगा। श्री रावत ने आज किशनगढ के बांदरसिंदरी में माधव सरोवर के पुनरुद्धार कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य अगले महीने के अंत तक पूरा करने के निर्देश दिये।

.............

सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने सहकारी समितियों में ऑडिट और आमसभा की कार्यवाही समय पर पूरा करने पर जोर दिया है। उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर खाद बीज की गुणवत्ता की जांच करने तथा विभाग में निगरानी सिस्टम को दुरूस्त करने के निर्देश दिये हैं। आज जयपुर में हुई समीक्षा बैठक में श्री दक ने 1 से 7 अक्टूबर के दौरान समितियों से आमसभा आयोजित करने को कहा है। उन्होंने सहकार से समृद्धि के तहत किये जा रहे नवाचारों में तेजी लाने की बात कही।

.............

प्रदेश में व्यापक बारिश हुई है। बारां जिले के मांगरोल में सबसे ज्यादा 18 सेंटीमीटर पानी बरसा। लगातार हो रही बारिश से शाहबाद, किशनगंज सहित कई स्थानों का मुख्य मार्गों से सम्पर्क टूट गया है। वहीं बहुत से क्षेत्र जलमग्न हैं। अलवर, करौली, दौसा, कोटा, टोंक और चूरू, बीकानेर और हनुमानगढ में भी अच्छी बरसात हुई। राजधानी जयपुर में हुई तेज बारिश के बाद कई जगह पानी भरने से यातायात प्रभावित रहा। भीलवाड़ा, कोटा और भरतपुर में बरसात के समाचार हैं। सवाईमाधोपुर जिले में भी अच्छी बरसात हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे तालाबों और बांधों में पानी की आवक शुरू हो गई है।

.............

मौसम विभाग ने आज 28 जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। 5 जिलों में भारी और 23 जिलों में मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है।

.............

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। देश में आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे हो रहे हैं। आपातकाल को नागरिकों के उत्पीड़न के दौर के रूप में याद किया जाता है। इसके साथ ही ये दिन लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता दर्शाने का अवसर भी है। 50वीं वर्षगांठ के कारण संविधान हत्या दिवस के कार्यक्रम सालभर तक चलेंगे। इस दौरान प्रदर्शनी, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक और मशाल यात्राओं का आयोजन तथा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। पाली जिले के ज्ञानचंद वैष्णव ने संविधान हत्या दिवस पर सम्मानित करने के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया है।

.............

जयपुर में सप्त शक्ति कमांड फॉर्मेशन कमांडर्स कॉन्फ्रेन्स का आयोजन किया गया। सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह कर अध्यक्षता में हुए दो दिन के इस सम्मेलन का आज समापन हुआ। रक्षा जनसम्पर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल निखिल धवन ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा स्थिति और सामरिक और तकनीकी क्षेत्रों में इसके प्रभावों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही बेहतर ऑपरेशनल तैयारियों पर भी विचार किया गया। कॉन्फ्रेंस में अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने और साइबर सुरक्षा दक्षता पर विशेष जोर दिया गया।

..............

बावड़ियों के लिए प्रसिद्ध ऐतिहासिक नगरी बूंदी आज अपना 784वां स्थापना दिवस मनी रही है। इस अवसर पर पारम्परिक संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते विभिन्न आयोजन रखे गये। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित समारोह में स्थानीय नागरिकों की भी बढ चढ कर भागीदारी रही। स्थापना दिवस के अवसर पर स्मारकों में आमजन को निःशुल्क प्रवेश दिया गया। ''पौधे लगाओ–बूंदी सजाओ'' थीम पर विभिन्न स्थानों पर छायादार और औषधीय पौधे लगाए गये। राजकीय संग्रहालय सुखमहल में चित्रकला और फोटो प्रदर्शनी भी रखी गई। इसके साथ ही लोक कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

..............

आज पासपोर्ट सेवा दिवस है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि पिछले 11 वर्षों में सार्वजनिक सेवा वितरण में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि देशभर में **पासपोर्ट सेवा प्रोग्राम संस्करण 2.0** लागू कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए श्री जयशंकर ने कहा कि ई पासपोर्ट से भारतीय नागरिकों की यात्रा को अधिक सुविधाजनक बनाया जा रहा है। विदेश मंत्री ने बताया कि दूरदराज क्षेत्रों तक मोबाइल वैन सुविधाओं के माध्यम से पासपोर्ट सेवा पहुंचाई जा रही है।

..............